समाचार

27 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 26 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट बुधवार 27 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैलबुधवार को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम के पास मंच, वार्ड क्र. 14 मैग्जीनभांठा सामुदायिक मंच दशहरा मैदान के पास, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार आंगनबाड़ी के पास, वार्ड क्र. 32 सतनामनगर जयस्तंभ चौक, वार्ड क्र. 45 हसदेव क्र. 03 रामनगर स्टेज के पास, वार्ड क्र. 53 प्रगतिनगर कांशीपारा तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे आंगनबाड़ी भवन, वार्ड क्र. 62 नरईबोध स्टेज के पास, वार्ड क्र. 66 शांतिनगर मंदिर के पास कैम्प लगाए जाएंगे।